# Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 14 हिमशुक

## BSEB Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 14 हिमशुक

### Bihar Board Class 7 Hindi हिमशुक Text Book Questions and Answers

प्रश्न 1.
अवध नरेश राजकुमारों की परीक्षा क्यों लेना चाहते थे ?
उत्तर:
राजा को अपना उत्तराधिकारी चुनना था। तीनों लड़के विद्वान, बुद्धिमान तो थे लेकिन तीनों में श्रेष्ठ ज्ञान किसके पास है इस जानकारी के लिए राजा ने अपने तीनों राजकुमारों की परीक्षा लेनी चाही।

प्रश्न 2.
हिमशुक तो राजा के लिए भेंट लाया था लेकिन वही भेंट उसे महंगी पड़ी, कैसे?
उत्तर:
हिमशुक तो राजा के लिए भेंट लाया था। इस ध्येय से कि उसका राजा अमर फल खाकर अमर हो जायेगा। लेकिन संयोग से वह फल साँप के विष से विषैला हो गया। जब उस फल की जाँच की गई तो कौवे मर गये। तब राजा ने हिमशुक को विश्वासघाती समझकर मार डाला। इस प्रकार राजा के लिए उपकार की भावना रखने वाले हिमशक को जान गँवानी पड़ी और वह भेंट उसे महंगी पड़ी।

प्रश्न 3.
राजा ने अपने तीसरे बेटे को ही युवराज घोषित किया, क्यों?
उत्तर:
जबकि राजा के तीनों पुत्र विद्वान और बुद्धिमान थे। लेकिन तीनों में राजनीति धर्म का ज्ञान किसमें ज्यादा था इस बात की परीक्षा राजा ने ली तो तीसरे पुत्र को ही उत्तराधिकारी के योग्य समझकर युवराज घोषित किया ।

प्रश्न 4.
निम्नलिखित वाक्यांश किसने और किससे कहे।

(क) तुम्हारी माँ भी तुमसे मिलकर इतनी ही प्रसन्न होगी।
उत्तर:
हिमशुक के पिता ने हिमशुक से कहा।

(ख) मैं पन्द्रह दिन बाद वापस आ जाऊँगा।
उत्तर:
हिमशुक ने राजा से कहा।

(ग) बुद्धिमानी की बात यह होगी कि फल खाने से पहले इसे किसी जानवर को खिलाकर देख लिया जाए।
उत्तर:
मंत्री ने राजा से कहा।


evidyarthi

(घ) किसी को सजा देने से पहले इस बात का पूरा पता लगा लेना जरूरी है कि वह सचमुच अपराधी है या नहीं।
उत्तर:
तीसरे राजकुमार ने राजा से कहा। ।

प्रश्न 5.
निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें एक विकल्प सही है । सही विकल्प के सामने सही (✓) का निशान लगाइए। (क) हिमशुक एक नाम है- .
(i) जानवर का
(ii) आदमी का
(iii) पक्षी का
(iv) जंगल का
उत्तर:
(iii) पक्षी का।

(ख) किस देश के राजा के पास अनोखा तोता था ?
(i) अवध
(ii) विदर्भ
(iii) गंधार
(iv) कोसल
उत्तर:
(ii) विदर्भ ।

(ग) हिमशुक रात में कहाँ ठहरा था ? :
(i) पेड़ पर
(ii) पहाड़ पर
(iii) महल के छत पर
(iv) गुंबद पर
उत्तर:
(i) पेड़ पर।

(घ) जहरीले फल को राजा ने क्या किया?
(i) नदी में फेंक दिया
(ii) जलवा दिया
(iii) स्वयं खा गया
(iv) गड्ढे में दबवा दिया
उत्तर:
(iv) गड्ढे में दबवा दिया।

पाठ से आगे –

प्रश्न 1.
सजा देने से पहले राजा को क्या करना चाहिए था?
उत्तर:


https://www.evidyarthi.in/

सजा देने से पहले राजा को अपराधी के अपराध के बारे में छानबीन कर लेना चाहिए था।

प्रश्न 2.
कल्पना कीजिए कि अमरफल के मृत्युफल में बदलने की सच्चाई का पता राजा के तीसरे बेटे को कैसे चला होगा?
उत्तर:
हिमशुक की कहानी सम्भवतः तीसरे बेटे ने हितोपदेश या पंचतंत्र की अपरीक्षित कारक में पढ़ा होगा जिससे अमरफल को मृत्युफल में बदलने की बात की जानकारी हुयी होगी।

प्रश्न 3.
कल्पना कीजिए कि आप हिमशुक हैं और राजा आप पर वार करने के लिए हाथ उठाता है। तब आप क्या करेंगे?
उत्तर:
यदि हम हिमशुक होते तब राजा यदि हम पर वार करता तो हम उसे अनुचित कार्य करने पर रोकते । नहीं मानने पर जैसे के साथ तैसे का व्यवहार करते।

चीनी का ठोंगा

यह एक लघु कहानी है जिसमें बताया गया है कि बच्चे को कार्य की
प्राथमिकता देनी चाहिए।

एक लड़का (मोहन) की माँ चीनी लाने दुकान भेजती है। लड़का चीनी लेकर लौट रहा था। रास्ते में अन्य बच्चों के साथ खेलने की ललक उठी। वह चीनी का ठोंगा गोली धरती पर रखकर खेलने लग जाता है। जब उसे माँ के आदेश का ख्याल आया तो चीनी उठाया जिसका ठोंगा गीला हो गया था। माँ ने ठोंगे को गीली हालत में देखकर लड़के को डाँट दिया। लड़का रूठ गया।

प्रश्न (क) क्या माँ का मोहन का डाँटना उचित था ?
उत्तर:
हाँ।

(ख) क्या मोहन का रूठना उचित था?
उत्तर:
मोहन का रूठना उचित नहीं था।

व्याकरण –

प्रश्न 1.
पठित पाठ में से पांच ऐसे वाक्य छाँटकर लिखिए जिनमें “ने” का प्रयोग हुआ है।
उदाहरण – राजकुमार ने यह कहानी सुनाई।
उत्तर:
(i) राजा ने अपने तीसरे बेटे को उत्तराधिकारी घोषित किया।
(ii) राजा ने अपने तीनों पुत्रों की परीक्षा लेनी चाही।
(iii) हिमशुक के पिता ने कहा।
(iv) सबसे बड़े लड़के ने कहा ।
(v) दूसरे लड़के ने कहा।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
निम्नलिखित युग्म शब्दों से वाक्य बनाइए –
उत्तर:
साथ-साथ-गेहूँ के साथ-साथ धुन भी पिसा जाता है।
दो-चार-दो चार दिनों के बाद ही आऊँगा।
एक-एक-एक-एक कर सभी भाग गये।
पूरा-पूरा-पूरा-पूरा फल मत खाओ।
बढ़ते-बढ़ते-बढ़ते-बढ़ते वह यहाँ आ गया।

प्रश्न 3.
रिक्त स्थान भरिए –
मृत्युदंड, कृतज्ञ, विश्वासघाती, उत्तराधिकारी, राजकुमार, कृतघ्न ।
प्रश्नोत्तर – (i) जो किसी के विश्वास को ठोस पहुँचाए विश्वासघाती।
(ii)- राजा का लड़का राजकुमार।
(iii) किसी की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति पाने का हकदार उत्तराधिकारी ।
(iv) मौत की सजा मृत्युदण्ड।
(v) किये गये उपकारों को नहीं मानने वाला कृतघ्न ।
(vi) किये गये उपकारों को मानने वाला कृतज्ञ ।

कुछ करने को –

प्रश्न 1.
नीचे की वर्ग-पहेली में बीस विशेषण हैं, उन्हें ढूँढकर लिखिए। यह जाएं से दाएँ ऊपर से नीचे या आड़े-तिरछे भी हो सकते
उत्तर:

1. विश्वासघात
2. महत्वपूर्ण
3. सुरक्षित
4. गरीब
5. बुद्धिमान
6. छोटा
7. चतुर
8. बूढ़ा
9. पूर्ण
10. मान
11. बड़े
12. प्यारे
13. विचित्र
14. अच्छा
15. कम
16. घाती


https://www.evidyarthi.in/

17. विश्वास
18. रक्षित
19. नाच


https://www.evidyarthi.in/